प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया आज धनबाद का करेंगे दौरा, रांची में कल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ईएसआईसी अस्पताल राज्य को किया समर्पित, कहा– सामाजिक सुरक्षा बढ़ाना प्राथमिकता।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी विभागों को तीन–तीन मुख्य योजनाओं की कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश, कहा– योजनाएं पारदर्शी, प्रभावी असरदायक होनी चाहिए।
3. रिम्स, रांची के निदेशक पद से हटाए गए डॉक्टर राजकुमार, स्वास्थ्य विभाग और शासी निकाय के निर्णयों का पालन नहीं करने के आरोप में राज्य सरकार ने की कार्रवाई।
4. झारखंड समेत देशभर में आज मनाया जा रहा गुड फ्राइडे का त्यौहार, गिरजाघरों में हो रही विशेष प्रार्थना, प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को मसीही कर रहे याद।
5. पटना में 11 मई से शुरू होने वाली सातवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता में 15 पहलवानों का दल झारखंड का करेगा प्रतिनिधित्व ।

*****************

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मंडाविया झारखंड के दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज धनबाद में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे पहले कल उन्होंने रांची के नामकुम में नव विकसित दो सौ बीस बिस्तरों की क्षमता वाले अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ईएसआईसी अस्पताल राज्य को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह अस्पताल सिर्फ इमारत नहीं बल्कि श्रम शक्ति के सेवा का केंद्र है।
साउंड बाइट– मनसुख मंडाविया (ईएसआईसी अस्पताल) – 24 सेकंड

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस तरह कोरोना पर जीत हासिल की थी, उसे पूरी दुनिया ने सराहा था। आज देश 2047 तक एक विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने इस अवसर पर लाभार्थियों तथा अस्पताल के निर्माण में श्रमिकों को भी सम्मानित किया।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी विभागों को कम से कम तीन ऐसी योजनाओं की कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया है, जिसका लाभ एक से डेढ़ साल के अंदर जनता को दिया जा सके। मुख्यमंत्री वित्तीय वर्ष 2025– 26 की विकास योजनाओं को लेकर विभागीय सचिवों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे । श्री सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि योजनाएं पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक तरीके से धरातल पर उतरनी चाहिए।

*****************

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ कानून पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायालय में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को सूचित किया कि केंद्र सरकार सात दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वक्फ अधिनियम की धारा 9 और 14 के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी।

*****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध कर रही है।

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि पश्चिम बंगाल में वक्फ़ संशोधन अधिनियम को लेकर जो हिंसा हो रही है, वह यह बताजा है कि इस राज्य में अराजकता और आतंक का माहौल है ।

*****************

राज्य सरकार ने रिम्स, रांची के निदेशक पद से डॉक्टर राजकुमार को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निदेशक पद से डॉ राजकुमार को हटाए जाने संबंधी प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमन्त

सोरेन ने मंजूरी दे दी है। डॉ राजकुमार के खिलाफ मंत्रिपरिषद, स्वास्थ्य विभाग और रिम्स शासी परिषद के निर्णयों का पालन नहीं करने तथा सेवा संतोषजनक नहीं पाए जाने की वजह से ये कार्रवाई की गई है ।

*****************

पाकुड़ जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत कुपोषण और एनीमिया के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए कई कार्यक्रम हो रहे हैं।

*****************

पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत के सुरक्षा गार्ड की इस वर्ष 18 मार्च को हुई हत्या के आरोप में पुलिस ने चार सफाई कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा गार्ड द्वारा साइकिल चोरी की बात छिपाए जाने पर सफाई कर्मियों के इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

*****************

झारखंड समेत देशभर में आज श्रद्धा और आस्था के साथ गुड फ्राइडे मनाया जा रहा है। करूणा, शांति और प्रेम के इस पर्व को लेकर सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हो रही हैं जिसमें मसीही समुदाय के लोग शामिल हो रहे हैं। यह पर्व प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मनुष्यता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारा सुदृढ करने का संकल्प लेते हैं।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना 22 अप्रैल को रांची के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। यहां वे अनुसूचित जाति से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे।
- रांची नगर निगम ने शहर में अवैध वाटर कनेक्शन और वाटर बॉटलिंग प्लांट के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सात बॉटलिंग प्लांट संचालकों को नोटिस जारी किया गया।
- सुरक्षा बलों ने विभिन्न कांडों में वांछित उग्रवादी अमित मुंडा की गिरफ्तारी को लेकर रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र स्थित उसके आवास पर छापेमारी की, लेकिन वह पकड़ा नहीं गया।
- जमशेदपुर की जुगसलाई पुलिस ने 6 अप्रैल को हुई फायरिंग मामले में आरोपी को देसी पिस्तल औऱ जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है

*****************

पटना की मेजबानी में 11 मई से आयोजित होने वाली पांच दिवसीय सातवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड की 15 सदस्यीय कुश्ती टीम भाग लेगी। इनमें आठ पुरुष और सात महिला पहलवान शामिल हैं। इस सिलसिले में खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय तथा झारखंड राज्य कुश्ती संघ की ओर से राजधानी रांची के खेल गांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में आयोजित चयन ट्रायल में 65 पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रदर्शन के आधार पर 15 पुरुष और महिला पहलवानों का चयन झारखंड टीम के लिए किया गया।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने उच्चतम न्यायालय में वक्फ कानून को लेकर हुई सुनवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने टमाटर के दाम में भारी गिरावट की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

हिंदुस्तान ने लिखा है – सीजीएल मामले में बर्खास्त होंगे छह आईआरबी जवान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – दुर्घटना में मौत पर राज्यकर्मी के आश्रितों को मिलेंगे एक करोड़ रूपये।

दैनिक भास्कर ने झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सांसद और विधायकों पर दर्ज आपराधिक केस में सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट मांगने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने अदालतें भारत के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकने से संबंधित उपराष्ट्रपति के बयान की खबर को प्रमुखता दी है।

*****************